## जनता कॉलेज बकेवर के  संस्थापक सेक्रेटरी आनंद स्वरूप मिश्रा जयंती समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र समिति के संयोजन में स्वास्थ्य सिविल का आयोजन किया गया

जनता कॉलेज बकेवर के संस्थापक सेक्रेटरी आनंद स्वरूप मिश्रा जयंती के समारोह अवसर पर पूर्व छात्र समिति के संयोजन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें   708 मरीज का निशुल्क परीक्षण किया गया तथा 300  यूनिट रक्तदान किया गया। स्वास्थ्य शिविर  का का उद्घाटन व शुभारंभ कुलपति आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने किया।



उद्घाटन सत्र में मौजूद डॉ प्रभात कुमार      , कुलपति आयुर्विज्ञान  विश्वविद्यालय सैफई, डॉ आशा शुक्ला, पूर्व कुलपति बी आर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू इंदौर , डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी  , प्राचार्य जनता कॉलेज बकेवर



# जनता कालेज में 708 मरीजों का निःशुल्क हुआ परीक्षण



## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 30 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**चेतना कार्यालय/बकेवर।** संस्थापक सेक्रेटरी आनंद स्वरूप मिश्र की जन्म जयंती पर 30 यूनिट रक्तदान के संकल्प को किया गया पूर्ण। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में सहभागी रक्तदाताओं मे शुभ तिवारी, उदित राज,आदित्य कुमार बाजपेई ,राजेंद्र कुमार सिंह, शिवेंद्र सिंह ,प्रगति ,यश, सलोनी ,प्रतीक, निधि, सुनीता आदित्य, निखिल मौर्य, अभिषेक कुमार, प्रतीक दीक्षित आदि कुल 30 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने पूर्व छात्र समिति के कार्यकारिणी सदस्यों ,एन सी सी केडेट्स, एन . एस .एस . के वॉलिंटियर छात्र-छात्राओं सहित विभिन्न विभागों के छात्र छात्राओ एवं कॉलेज परिवार के सभी सहयोगियों के द्वारा दिन भर परिश्रम कर कार्यक्रम को बेहद सफल बनाने के लिए विशेष धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय गणमान्य लोगों की उपस्थित रही ।

**चेतना कार्यालय**

**बकेवर।** जनता कालेज बकेवर में संस्थापक सेक्रेटरी आनंदस्वरुप मिश्र जयंती समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र समिति के संयोजन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 708 मरीजो का नि :शुल्क परीक्षण किया गया तथा 30 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर का उद्घाटन शुभारंभ कुलपति आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई डॉ . प्रभात कुमार सिंह ने कालेज प्रबंध सचिव अरविन्द कुमार मिश्र, प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी, प्रो . आशा शुक्ला, डॉ आदित्य बाजपेई, डॉ रवींद्र शुक्ला, अमर नाथ गीता जयंती प्रांतीय संयोजक की मौजूदगी में किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ.प्रभात कुमार सिंह ने जनता कॉलेज द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं स्वच्छ रक्तदान शिविर के आयोजन के द्वारा आम जनमानस के आरोग्य एवं स्वास्थ्य-रक्षण हेतु प्रतिबद्ध जनता कॉलेज के प्रयास को प्रासंगिक बताते हुए कहा कि इस तरह का प्रयास अन्य शिक्षण संस्थानों को अनुकरणीय है शिविर में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के वरिष्ठ ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ एस के तनेजा , न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय शर्मा, औषधि विशेषज्ञ डॉ ईशान वंदन, उ . प्र . आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई इटावा से डॉ . अखिलेश कुमार सिंह जनरल मेडिसिन ,डॉ राजेंद्र मिश्रा ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन , डॉ. अतुल कुमार यादव अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ नरेंद्र गुप्ता नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ अनुराधा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. अशोक चौरसिया बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ सतीश सर्जन, डॉ . दीक्षा ,डॉ .नित्या दंत रोग विशेषज्ञ आदि सहित रजत, गुंजन, रमन गुप्ता ,मनीष, अजीत, आलोक शुक्ला ,राकेश कुमार मीणा, प्रेमलाल, केदारमल शर्मा आदि लैब टेक्नीशियन एवं पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से लगभग 708 मरीजो का नि :शुल्क परीक्षण किया गया। डॉ उमेश चंद्र पालीवाल निदेशक पालीवाल डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड कानपुर, अनिल दीक्षित अध्यक्ष पूर्व छात्र समिति एवं कुलदीप अवस्थी सचिव पूर्व छात्र समिति के कुशल नेतृत्व में सरस्वती पूजन माल्यार्पण एवं संस्थापक सेक्रेटरी श्री आनंद स्वरूप मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ शुभारंभ किया गया।

# शिविर में 708 मरीजों का हुआ परीक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

**बकेवर।** जनता कॉलेज के संस्थापक सेक्रेटरी आनंद स्वरूप मिश्र जयंती समारोह के अवसर पर कॉलेज की पूर्व छात्र समिति की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें विभिन्न रोगों के 708 मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परीक्षण किया।

शनिवार को मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम, हरियाणा के चिकित्सकों, पालीवाल डायग्नोस्टिक कानपुर के संयुक्त सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का जनता कॉलेज, बकेवर में आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के कुलपति डॉ. प्रभात कुमार सिंह ने किया।



स्वास्थ्य शिविर में रक्तदान करती छात्रा। संवाद

### जनता कॉलेज बकेवर में पूर्व छात्र समिति की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया

### 30 लोगों ने किया रक्तदान

शिविर में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. एस के तनेजा, न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय शर्मा, औषधि विशेषज्ञ डॉ. ईशान वंदन, उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, डॉ. राजेंद्र मिश्रा, डॉ. अतुल कुमार यादव, डॉ. नरेंद्र गुप्ता, डॉ. अनुराधा, डॉ.अशोक चौरसिया, डॉ. सतीश सर्जन, डॉ. दीक्षा,डॉ.नित्या आदि ने सेवाएं दीं। शिविर में हृदय रोग के 206 मरीज, न्यूरो के 25, सर्जरी के 28, फिजिशियन 88, गैस्ट्रो के 69, दंत रोग के 65, स्त्री रोग 67, नेत्र रोग के 103, हड्डी रोग के 43, डाइटिशियन के 200 मरीजों का चिकित्सकों ने परीक्षण किया। मरीजों को दवा भी वितरण की गई।

इसके साथ ही ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, बीएमडी, नेत्र रेटिना आदि की निशुल्क जांचें की गईं। रक्तदान शिविर में 30 रक्तदाताओं ने स्वेच्छापूर्वक रक्तदान किया। इनमें शुभ तिवारी, उदित राज,आदित्य कुमार बाजपेई,राजेंद्र कुमार सिंह, शिवेंद्र सिंह,प्रगति,यश, सलोनी,प्रतीक, निधि, सुनीता, आदित्य, निखिल मौर्य, अभिषेक कुमार, प्रतीक दीक्षित आदि शामिल हैं। इस दौरान कॉलेज प्रबंध सचिव अरविंद कुमार मिश्र, प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, प्रो.आशा शुक्ला, डॉ.आदित्य बाजपेई, डॉ. रवींद्र शुक्ला, अमर नाथ आदि उपस्थित रहे।प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने पूर्व छात्र समिति के कार्यकारिणी सदस्यों, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस समेत विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं एवं कॉलेज स्टाफ का आभार जताया।

**नेक कार्य** मेदांता हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने परीक्षण करने के बाद दवाइयां वितरित की

# शिविर में 708 मरीजों की जांची गई सेहत

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** शुक्रवार को जनता कालेज बकेवर में संस्थापक सेक्रेटरी स्व. आनंद स्वरुप मिश्र जयंती समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र समिति जनता कालेज बकेवर के संयोजन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के चिकित्सकों और पालीवाल डायग्नोस्टिक कानपुर के संयुक्त सहयोग से मरीजों की निशुल्क जांच एवं उपचार किया गया। शिविर का उद्घाटन कुलपति उ.प्र.आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई डॉ प्रभात कुमार सिंह ने किया।



चिकित्सा शिविर में उपचार कराने के लिए उमड़े क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

शिविर में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के वरिष्ठ ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ एस के तनेजा , न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय शर्मा, औषधि विशेषज्ञ डॉ. ईशान वंदन , उ. प्र. आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई इटावा से डॉ. अखिलेश कुमार सिंह जनरल मेडिसिन ,डॉ. राजेंद्र मिश्रा ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन , डॉ. अतुल कुमार यादव अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. नरेंद्र गुप्ता नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. अनुराधा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. अशोक चौरसिया बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ सतीश सर्जन, डॉ. दीक्षा ,डॉ.नित्या दंत रोग विशेषज्ञ आदि सहित रजत, गुंजन, रमन गुप्ता ,मनीष, अजीत, आलोक शुक्ला ,राकेश कुमार मीणा, प्रेमलाल, केदारमल शर्मा आदि लैब टेक्नीशियन एवं पैरामेडिकल स्टाफ के सहयोग से लगभग 708 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरांत जरूरतमंद मरीजों को दवा का वितरण भी किया गया, शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, बीएमडी, नेत्र रेटिना आदि की निःशुल्क जांचें की गई। कालेज प्रबंध सचिव अरविन्द कुमार मिश्र , प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, प्रो. आशा शुक्ला, डॉ आदित्य बाजपेई आदि रहे।